<u>केन–बेतवा लिंक परियोजना के कार्यरूप मॉडल का झांसी में अनावरण</u>

केन–बेतवा लिंक परियोजना से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्य के आमजन रूबरू हो सकें और इस परियोजना को भली–भांति समझ सकें इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उक्त परियोजना के कार्यरूप मॉडल को राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण के झॉसी स्थित अन्वेषण प्रभाग कार्यालय, बेतवा रिवर बोर्ड परिसर में स्थापित करने का निर्णय महानिदेशक, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण, नई दिल्ली द्वारा लिया गया। इसको कार्यरूप में परिणित करने के लिए दिनांक 12.02.2016 को **सुश्री उमा भारती कैबिनेट मंत्री, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय, भारत सरकार** द्वारा प्रस्तावित केन–बेतवा लिंक परियोजना के इस कार्यरूप मॉडल का अनावरण किया गया और इस मॉडल को आम जनता के अवलोकनार्थ समर्पित कर दिया गया।

केन–बेतवा लिंक परियोजना से संबंधित सभी जानकारी राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण के झॉसी स्थित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इस मॉडल को सभी कार्य दिवसों में आम जनता के दर्शनार्थ रखा गया है।

अनावरण समारोह में राजघाट कालोनी स्थित बेतवा रिवर बोर्ड, केन्द्रीय जल आयोग, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण और राज्य शासन के झॉसी स्थित कार्यालयों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री एस. मसूद हुसैन, महानिदेशक, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण, नई दिल्ली ने माननीया मंत्री जी का स्वागत किया और परियोजना के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला एवं श्री नेमी चन्द्र जैन, निदेशक (तकनीकी), राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण, नई दिल्ली द्वारा माननीया मंत्री जी का उक्त समारोह में शिरकत करने के लिए आभार व्यक्त किया गया।